संख्या–cm-36
16/01/2021

# बिहार–झारखण्ड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका के सदस्यों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

पटना, 16 जनवरी 2021 :– बिहार–झारखण्ड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका, काउंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया, न्यूयॉर्क एवं बिहार फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बिहार के अतीत, वर्तमान एवं भविष्य की संभावनाओं पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमेरिका में रह रहे बिहार मूल के लोगों से व्यापक चर्चा की गयी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार 1 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद से मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुये।

संवाद कार्यक्रम में अमेरिका में रह रहे बिहार के उद्यमियों ने अपने सुझाव दिये। बिहार–झारखण्ड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका के अध्यक्ष डॉ0 अविनाश गुप्ता ने मुख्यमंत्री को बिहार विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिहार के बाहर रह रहे लोगों को बिहारी होने पर गर्व है और वे बिहार के विकास में सहभागी बनना चाहते हैं।

संवाद को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने तमाम वक्ताओं का स्वागत किया एवं उन्हें अपनी शुभकामनायें दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में पिछले 15 वर्षों के शासनकाल में हर क्षेत्र में विकास के काम किये गये हैं। हमलोग किसी भी काम में पीछे नहीं हैं। बिहार का लगातार विकास हो रहा है। बिहार के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हुयी है और राज्य की प्रति व्यक्ति आमदनी भी बढ़ी है। गॉवों को हमने सड़कों से जोड़ने काम किया है। टोलों को भी पक्की सड़कों से जोड़ रहे हैं। राजधानी के किसी सुदूर इलाके से पटना पहुॅचने के छह घंटे के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है। अब इस लक्ष्य को पॉच घंटे का किया गया है। इसके लिये बड़े पैमाने पर सड़कों एवं पुल–पुलियों का निर्माण कराया जा रहा है। पीने के लिये नल का जल 90 प्रतिशत इलाकों तक पहुॅचा दिया गया है। हर घर तक पक्की गली नाली का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। हर घर तक बिजली पहुॅचाने के लिये दिसम्बर 2018 का लक्ष्य रखा गया था, जिसे दो महीने पूर्व ही पूरा कर लिया गया। कृषि के लिये अलग फीडर की व्यवस्था की गयी है। हर घर शौचालय का निर्माण कराया गया है। खुले में शौच से मुक्ति तथा पीने के लिये शुद्ध जल मिल जाय तो वर्तमान में होने वाली 90 प्रतिशत बीमारियों से छुटकारा मिल जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कम संख्या में लड़कियॉ पढ़ती थीं। गरीबी के कारण वे पढ़ाई पूरा नहीं कर पाती थीं। हमने पोशाक योजना की शुरूआत की, जिससे लड़कियों का ड्रॉप आउट घटा। हाई स्कूल की छात्राओं के लिये साइकिल योजना की शुरूआत की गयी। आज बड़ी संख्या में लड़कियॉ स्कूलों में पढ़ रही हैं। हाई स्कूलों में उनकी संख्या लड़कों के बराबर हो गयी है। इस साल मैट्रिक में लड़कियों की संख्या लड़कों से ज्यादा थी। लड़कियों और महिलाओं के लिये कई काम किये गये, जिससे उनमें जागृति आयी है।

मुख्यमंत्री ने संवाद के दौरान उद्यमियों से अपील करते हुये कहा कि वे बिहार आयें। सरकार उन्हें अपने स्तर से राज्य का भ्रमण करायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। ईको टूरिज्म पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पटना में देश

का पहला इंटरनेशनल म्यूजियम बनाया गया है। पटना म्यूजियम का भी विस्तार किया जा रहा है। पटना में जहाँ पुरानी जेल थी, वहाँ बुद्ध स्मृति पार्क का निर्माण किया गया है। जहाँ बुद्ध का संग्रहालय, बुद्ध की मूर्ति है। जिसके तीनों तरफ बोधिवृक्ष लगाया गया है। वहाँ विपश्यना केन्द्र भी शुरू किया गया है। वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर में कई चीजें शुरू की गयी हैं। वहाँ दो तरह की सफारी बन रही है। एक नेचर सफारी और दूसरा जू सफारी। नेचर सफारी का काम लगभग पूरा हो चुका है। राजगीर बौद्ध और जैन दोनों धर्मों का केन्द्र रहा है। बोधगया में महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूँ कि कोई भी यहाँ आये तो उन्हें सुखद अनुभूति हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा नदी के पानी को नवादा, राजगीर, गया तक पहुँचा रहे हैं। बारहों महीने गंगा का पानी यहाँ उपलब्ध रहेगा, इसकी व्यवस्था कर रहे हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये कई काम किये जा रहे हैं। भवनों का निर्माण किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के एवं आइकोनिक भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौर में बिहार के बाहर फँसे लोगों को काफी मदद दी गयी। उन्हें आर्थिक मदद के साथ ही हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायी गयी।

मुख्यमंत्री ने वक्ताओं से बिहार में उद्योग लगाने की अपील करते हुये कहा कि बिहार में उद्योग की कमी है और हम चाहते हैं कि आपके समुदाय से इस संबंध में मदद मिले। मुख्यमंत्री ने उद्योग लगाने वालों को हरसंभव मदद की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर आप उद्योग लगायेंगे तो हम आपको जमीन उपलब्ध कराने के साथ ही हर तरह की सुविधा देंगे। हम सब एक परिवार के सदस्य हैं। आपकी किसी भी समस्या का समाधान करेंगे। आपके सुझावों पर हम अमल करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार पक्षियों का महोत्सव बिहार में आज से शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि जमुई में आज से राज्य पक्षी महोत्सव की शुरूआत की गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिये कई काम किये जा रहे हैं। जल–जीवन–हरियाली अभियान की शुरूआत की गयी है। बिहार में हेल्थ सेक्टर में श्री बिलगेट्स काम कर रहे हैं, उनसे काफी मदद मिलती रही है। नवम्बर 2019 में जल–जीवन–हरियाली अभियान को लेकर हमने उनसे पटना में बातचीत की थी। उन्होंने बाद में दिल्ली जाकर इसकी चर्चा करते हुये कहा कि बिहार जैसे राज्यों में भी पर्यावरण को लेकर कितनी चिंता है। मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं से कहा कि अगली बैठक में आपलोगों को बिहार से संबंधित एक प्रस्तुतीकरण दिखाया जायेगा। आपसे सुझाव लेकर आगे काम किया जायेगा। आप पूरे इलाके की स्टडी कर लीजिये और मुझे बताइये कि क्या करना चाहिये। मुझे भरोसा है कि अगर आप दिलचस्पी लीजियेगा तो बिहार बहुत आगे जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को पुनः नई ऊँचाइयों तक फिर से ले जाना है, इसमें आप सबका सहयोग बहुत जरूरी होगा। मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम में शामिल हुये वक्ताओं को नववर्ष की शुभकामनायें दीं।

संवाद कार्यक्रम में बिहार–झारखण्ड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका के वक्ताओं प्रो0 अजय झा, श्री संजय राय, श्री नीतीश कुमार, श्री अशोक रामशरण, श्री अजय सिंह, श्री आलोक कुमार एवं काउंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया, न्यूयॉर्क श्री रणधीर जायसवाल ने भी अपनी बातें रखी। मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार ने भी बिहार के विकास से संबंधित तथ्यों से वक्ताओं को अवगत कराया। मुख्य सचिव ने भी बिहार में उद्योग लगाने वालों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। धन्यवाद ज्ञापन बिहार–झारखण्ड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका के उपाध्यक्ष श्री अनुराग कुमार ने किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री संजय झा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव उद्योग श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार फाउंडेशन के सी0ई0ओ0 श्री रविशंकर श्रीवास्तव उपस्थित थे।

******